हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 26 मार्च 2025

11 पूर्व सांसद के खिलाफ बोलकर चौतरफा घिरे पूर्व जिलाध्यक्ष...



12 तीसरी बार भी पास नहीं हो पाया रतिया नपा का बजट...



## खबर संक्षेप

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर करवाएं पंजीकरण

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि जिन किसानों ने किसी कारणवश अभी तक अपनी फसलों का पंजीकरण नहीं करवाया है वे समय रहते अपनी फसल का पंजीकरण कृषि विभाग के पोर्टल मेरी फसल मेरा ब्योरा पर करवा लें। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण करवाने के लिए पोर्टल पुनः चालू कर दिया गया है।

### मां-बेटी संदिग्ध हालात में लापता

**भूना।** मोहम्मदपुर सोतर गांव से एक महिला अपनी पांच वर्षीय बेटी के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। घर पर उसका सात वर्षीय बेटा अकेला रह गया, जो मां को याद कर रो रहा है। महिला के पति मंगल सिंह ने पुलिस में शिकायत देकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई और तलाश की गुहार लगाई। मंगल सिंह राजस्थान में दिहाड़ी मजदूरी करने गया था। 18 मार्च को उसकी 27 वर्षीय पत्नी सुमन अचानक पांच साल की बेटी अनुरीत कौर को लेकर घर से गायब हो गई। सात वर्षीय बेटा घर पर अकेला मिला।

### अंकित भाजपा के शहरी मंडल अध्यक्ष नियुक्त

**रतिया।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने अंकित सिंगला को भाजपा पार्टी रतिया का नया मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। अंकित सिंगला के मंडल अध्यक्ष बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं अंकित सिंगल के समर्थकों में काफी उत्साह पाया जा रहा है। अंकित सिंगला के मंडल अध्यक्ष बनने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला ने अपने नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल तथा पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त किया।

### रोजगार मेले में 46 छात्रों का चयन

**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में एक दिवसीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में एलेना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मोहाली और भावना बुटिक, फतेहाबाद कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस रोजगार मेले में आईटीआई, 10वीं व 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। कुल 61 छात्रों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें से एलेना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मोहाली द्वारा 42 छात्रों और भावना बुटिक, फतेहाबाद द्वारा 4 छात्रों का चयन रोजगार हेतु किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह मेला युवाओं को रोजगार के अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

क्राइम 1

### चारपाई पर सोए मजदूर पर रॉड से किया था हमला

## मजदूर हत्याकांड मामले में दोषी को आजीवन कैद व एक लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाणी गोपाल शर्मा की अदालत ने मजदूर की हत्या मामले में आरोपी बृजमोहन ठाकुर को आजीवन कैद व एक लाख रुपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित रखा था। अहम बात यह है कि इस हत्याकांड का कोई भी चश्मदीद नहीं था। इसके अलावा केस से जुड़े गवाह भी अपने बयान से मुकर गए थे। इस मामले में शहर थाना पुलिस ने मई 2022 में अभियोग दर्ज किया था। मामले के अनुसार, बिहार के जिला मुजफ्फरपुर निवासी मोहम्मद अरमोज सिरसा के रामनगरिया स्थित शिव बर्तन फैक्टरी में काम करता था। उसका साला मोहम्मद रहमत निवासी जिला पूर्वी चंपारण बिहार भी इसी फैक्टरी में काम करता है। 24 मई 2022 की रात को मोहम्मद अरमोज का फैक्टरी में काम करने वाले बृजमोहन ठाकुर निवासी मोतिहारी बिहार से झगड़ा हो गया। साथी मजदूरों ने दोनों को छुड़वा दिया। 29 मई 2022 को सभी मजदूर खाना खाकर सो गए। मोहम्मद अरमोज खाना खाकर फैक्टरी की दूसरी मंजिल की छत पर जाकर सो गया था।



आरोपी बृजमोहन ने पुलिस को बताया कि मोहम्मद अरमोज के साथ उसकी अनबन रहती थी। कुछ दिन पहले उसका अरमोज के साथ झगड़ा हो गया था। इसके बाद उसने अरमोज को मारने की ठान ली। 29 मई की रात की अरमोज छत पर सोया हुआ था। बृजमोहन ने पुलिस को बताया कि वह रात को एल्युमिनियम की रॉड लेकर छत पर गया और चारपाई पर सोए मोहम्मद अरमोज के सिर व मुंह पर रॉड से कई बार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद यह भाग गया।अगले दिन सुबह 5 बजे एक मजदूर ने मोहम्मद रहमत को बताया कि मोहम्मद अरमोज खान के सिर पर काफी चोट लगी है, वह बोल नहीं रहा। इसके बाद मोहम्मद रहमत छत पर पहुंचा तो मोहम्मद अरमोज की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस को दिए बयान में मोहम्मद रहमत ने बताया कि उसके जीजा मोहम्मद अमरोज की हत्या बृजमोहन ने की है। हत्या करने के बाद वह भाग गया।

क्राइम 2

### ढाणी शेरगढ़ में 23 वर्षीय विवाहिता पर हत्याचार

## शादी में जाने पर महिला को उसके पति ने पिलाई स्प्रे, ससुर ने पकड़े हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के रतिया क्षेत्र की ढाणी शेरगढ़ में 23 वर्षीय विवाहिता को जान से मारने के इरादे से स्प्रे पिलाने के प्रयास का मामला सामने आया है। रतिया शहर थाना पुलिस ने विवाहिता के पति, ससुर और बुआ सास सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में कलोठा निवासी मोनिका ने बताया है कि उसकी शादी 19 जनवरी 2020 को गांव शेरगढ़ ढाणी निवासी कुलदीप सिंह उर्फ गोल्डी पुत्र गुरजंट सिंह के साथ हुई थी। उसका साढ़े तीन साल का एक बेटा भी है। शादी के कुछ समय बाद ही उसका अपने पति के साथ मनमुटाव हो गया था। इसके चलते उसने रतिया पुलिस को भी शिकायत दी थी। इसके बाद पंचायत में फैसला होने पर वह वापस अपने ससुराल चली गई थी। महिला ने कहा कि कुछ समय तक सब ठीकठाक रहा, लेकिन फिर घरेलू बातों को लेकर झगड़ा रहने लगा। मोनिका ने बताया कि 11 मार्च को उसकी बुआ मिठो के दोहते की शादी पंजाब के मानसा जिले के गांव तालवाल में थी। वह शादी में जाने के लिए 8 मार्च को अपने मायके कलोठा चली गई। इस शादी में न तो उसका पति और न ही उसके ससुराल से कोई व्यक्ति शामिल हुआ। शादी समारोह के बाद वह वापस कलोठा आ गई। जब उसने अपने पति को कलोठा से जाने के लिए फोन किया तो उसके पति ने ले जाने से मना कर दिया। 2-3 दिन बाद उसका पति उसे वापस ढाणी शेरगढ़ ले गया। मोनिका ने कहा कि इसके बाद उसका पति शादी की बात को लेकर उसके साथ झगड़ा करना लगा और कहा कि वह शादी में क्यों गई थी।



### केवल 67 पैसे की बढ़ोतरी से मंडी मजदूरों में रोष

## अनाज मंडी मजदूर यूनियन लेबर बढ़ाने की मांग को लेकर हुई सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

*मजदूर यूनियन के अनुसार बीते वर्ष यह मजदूरी 18 रुपये 68 पैसे थे जोकि इस साल बढ़कर 19 रुपये 35 पैसे हो गई है। मजदूर यूनियन के प्रधान विजय किराड़ के अनुसार महंगाई के हिसाब से जितनी मजदूरी बढनी चाहिए, उतनी नहीं बढ़ाई गई। इससे उनके परिवारों का गुजर-बसर करना मुश्किल हो गया है।*

गेहूं का सीजन पर अब अनाज मण्डी मजदूर यूनियन ने भी अपनी मजदूरी बढ़ाने को लेकर कड़ा रूख अख्तियार कर लिया है। यूनियन का कहना है कि इस बार गेहूं के सीजन में मार्किटिंग बोर्ड ने उनकी लेबर मात्र 67 पैसे ही बढ़ाई है जबकि नियमानुसार उनकी मजदूरी 12 रुपये बढ़नी चाहिए थी। अब मजदूरों को प्रति बैग 17 रुपये 24 पैसे ही मिल रहे हैं। उनकी मांग है कि इसे बढ़ाकर 30 रुपये किया जाए। मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल पिछले दिनों पंचकूला में हरियाणा मार्किटिंग बोर्ड के सीए से भी मिला लेकिन कोई उचित आश्वासन न मिलने से उनमें गहरा रोष पाया जा रहा है।

रबी व खरीफ के हर सीजन में मार्किटिंग बोर्ड मंडी के मजदूरों-पल्लेदारों की मजदूरी बढ़ाता है। इस बार मार्किटिंग बोर्ड ने गेहूं के प्रति बैग की लेबर मात्र 67 पैसे की वृद्धि की है जोकि पर्याप्त नहीं मानी जा रही। मजदूर यूनियन के अनुसार बीते वर्ष यह मजदूरी 18 रुपये 68 पैसे थे जोकि इस साल बढक़र 19 रुपये 35 पैसे हो गई है। मजदूर यूनियन के प्रधान विजय किराड़ के अनुसार महंगाई के हिसाब से जितनी मजदूरी बढऩी चाहिए, उतनी नहीं बढ़ाई गई। इससे उनके परिवारों का गुजर-बसर करना मुश्किल हो गया है। इस सीजन में मण्डी में करीब 5 हजार मजदूर अपने परिवार सहित काम करते हैं। मण्डी में उनसे सिलाई, लोडिंग, ट्राली से अनलोडिंग, झराई, कंडा चढ़ाई, कंडे से उतरवाई, तुलाई आदि का काम लिया जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 1976 में प्रति बैग 67 पैसे मजदूरी थी। बढ़ती महंगाई की दर के हिसाब से इसे जोड़ा जाए तो आज यह मजदूरी 30 रुपये होनी चाहिए। मार्किटिंग बोर्ड ने उनकी मजदूरी मात्र 67 पैसे बढ़ाई है, इससे उन्हें 19 रुपये 35 पैसे ही प्रति बैग मजदूरी मिलेगी। इस बारे में उनका प्रतिनिधिमंडल मार्किटिंग बोर्ड के सीए से मिला और अपनी मांग रखी लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।



अनाज मंडी

### यह है मजदूरी की दरें

| काम | 2024 | 2025 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| गेहूं उतरवाई | 2.26 पैसे | 2.35 पैसे | 9 पैसे |
| झराई | 3.71 पैसे | 3.86 पैसे | 15 पैसे |
| कंडा चढ़ाई | 3.39 पैसे | 3.52 पैसे | 13 पैसे |
| कंडा उतरवाई | 1.72 पैसे | 1.78 पैसे | 7 पैसे |
| तुलाई | 2.26 पैसे | 2.35 पैसे | 9 पैसे |
| लोडिंग | 3.30 पैसे | 3.36 पैसे | 6 पैसे |
| सिलाई | 2.04 पैसे | 2.12 पैसे | 8 पैसे |

### 8 वर्षों से कम मिल रही मजदूरी



बढ़ती महंगाई के हिसाब से पिछले 8 वर्षों से मजदूरी बहुत ही कम बढ़ाई जा रही है। मेरे पिता 1976 में अनाज मण्डी में पल्लेदारी का काम करते थे। उस समय उन्हें 67 पैसे प्रति बोरी लेबर मिलती थी। आज 49 साल हो गए। अब प्रति बोरी 18 रुपये ही मजदूरी मिल रही है। प्रत्येक मजदूर यहां 7 विभिन्न फेज में काम करता है। प्रत्येक काम के लिए 2 रुपये प्रति बोरी की वृद्धि होनी चाहिए। उस हिसाब से 14 रुपये की वृद्धि होनी चाहिए थी। मजदूरों की मांग है कि उन्हें 30 रुपये प्रति बोरी मजदूरी दी जाए। अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो मजदूर यूनियन शीघ्र ही कड़ा फैसला लेगी।

-विजय किराड़, प्रधान अनाज मण्डी मजदूर यूनियन

### विधानसभा सत्र ने विभिन्न मुद्दों को उठाया

## विधायक ने किया जनसंपर्क ग्रामीणों का जताया आभार



सिरसा। विधायक केहरवाला ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

■ सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद की जाएगी : केहरवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि कालांवाली हलके की जनता ने उन्हें जिन अपेक्षाओं के साथ पुनः चुनकर विधानसभा में भेजा है, वे उनकी अपेक्षाओं पर पूर्ण खरा उतरेंगे और हलके के विकास के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद की जाएगी। वे मंगलवार को हलके के गांव रोहिड़ांवाली, ख्योवाली, गदराना, लकड़ांवाली, सुखचैन, सुब्बाखेड़ा, बीरूवालागुढ़ा, भादड़ा, कुरंगावाली, कमाल, तिलोकेवाला व तारूआना आदि में धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। विधायक केहरवाला ने कहा कि हरियाणा विधानसभा में चले बजट सत्र के दौरान उन्होंने इलाके में नशे को पूरी तरह से समाप्त करने, प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को दिए जाने वाले मकानों के सिलसिले में तथा घग्घर से उनके हलके के विभिन्न गांवों में नाले निकालने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और सरकार को उन्हें जल्द से जल्द करवाने की मांग की। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे उन्हें हलके में विकास के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि वे उनकी मजबूत आवाज के रूप में सडक़ से सदन तक मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है।

इस धन्यवादी दौरे में उनके साथ अवतार सिंह सूरतिया, बलदेव सिंह मराड़, मंदीप सरपंच, सोहन सिंह थिराज, जर्मन भंगु, सतेंद्र तिलोकेवाला, दर्शन सिंह रघुआना, सेवक सिंह चकेरियां, गुरमंदर सिंह चकेरियां आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## करोड़ों की हेरोइन मामले में एक और युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस द्वारा करोड़ों की हेरोइन बरामद होने के मामले में कार्रवाई तेज करते हुए तीसरे युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान जशनप्रीत सिंह पुत्र सतगुरू सिंह निवासी गांव छैजल, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। इससे पहले टोहाना पुलिस दो युवकों गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा पुत्र भजन सिंह निवासी शादीपुर जिला कैथल व पंजाब के संगरूर जिले के गांव बखौरा कलां निवासी जगसीर उर्फ जग्गा पुत्र जंगीर सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर टोहाना प्रभारी एसआई देवीलाल ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 मार्च को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। सीआईए टोहाना पुलिस की टीम ने पीएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि पंजाब के संगरूर जिले के गांव बखौरा कलां निवासी जगसीर उर्फ जग्गा पुत्र जंगीर सिंह भारी मात्रा में हेरोइन लेकर बेचने के लिए टोहाना आया हुआ है। वह सुबह ट्रेन से टोहाना आता है और हेरोइन बेचकर शाम को वापस चला जाता है।

## सरसों की अब तक 620 क्विंटल हुई सरकारी खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

■ 8% नमी पर हो रही है बिक्री

लक्ष्मी अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। मंडी प्रशासन और हैफेड ने इसके लिए पूरे इंतजाम किए हैं। अब तक 620 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है। मंगलवार को 372 क्विंटल की खरीद हुई। हालांकि, अभी आई फसल में नमी ज्यादा है। मंगलवार को 60 क्विंटल सरसों को सूखने के लिए रखा गया। हैफेड ने 8% नमी पर ही खरीद तय की है। मार्केट कमेटी के सचिव ईश्वर सिंह ढाका और हैफेड खरीद एजेंसी के प्रबंधक संदीप दहिया ने बताया कि शुक्रवार से खरीद शुरू हो चुकी है। 8% नमी वाली सरसों तुरंत खरीदी जाएगी। ज्यादा नमी वाली फसल को एक-दो दिन सूखने के बाद एमएसपी पर लिया जाएगा। हैफेड के अधिकारी मंडी में मौजूद हैं और नमी की जांच कर रहे हैं। विभाग के तय मापदंडों के अनुसार ही खरीद होगी। पिछले साल मंडी में 62 हजार क्विंटल सरसों आई थी। इस बार फसल की बिजाई कम हुई है। अनुमान है कि इस बार 40% कम फसल आएगी। किसानों की सुविधा के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं।



### मालवा की टीम ने जीता कबड्डी कप

## कुश्ती दंगल में कालू बाढवाल रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के बरनाला रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में संत बाबा प्रीतम सिंह की याद में 7वीं इंटरनेशनल कबड्डी चैंपियनशिप व स्व. स. बलकरण सिंह गिल की याद में कुश्ती दंगल का आयोजन शहीद सरदार भगत सिंह सोशल ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा करवाया गया। ट्रस्ट केप्रधान दारा सिंह गिल ने बताया कि संत बाबा प्रीतम सिंह की याद में लगातार ये 7वां कबड्डी कप करवाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे से हटाकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर करना है। कबड्डी चैंपियनशिप में आमंत्रित किए गए क्लबों माझा, मालवा, दोआबा व हरियाणा की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मालवा व माझा की टीमों के बीच हुआ। मालवा की टीम ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजयी रही।



सिरसा। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित करते अतिथि।

### जिस जगह को खाली कराया है उसे विकसित किए जाने की मांग

### केंद्र के पास कोई प्लान व बजट नहीं था तो 713 परिवारों को क्यों उजाड़ा गया

## सिरसा थेहड़ को लेकर सांसद सैलजा ने केंद्रीय पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री के जवाब पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा के थेहड़ को लेकर पूछे गए सवाल पर केंद्रीय पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के जवाब पर आपत्ति व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि जब सरकार के पास कोई प्लानिंग नहीं थी और कोई बजट नहीं था तो वहां से 713 परिवारों को क्यों उजाड़ा गया। प्रदेश सरकार ने इन परिवारों को वहां से हटाते हुए हुडा सेक्टर-19 के आवासों में अस्थायी रूप से बसाते हुए आश्वासन दिया था कि उन्हें रहने के लिए भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। पिछले नौ साल से इन परिवारों को कुछ भी नहीं मिला बल्कि नौ साल से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नरक जैसा जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कुमारी सैलजा ने मांग की है कि जिस जगह को खाली कराया है उसे विकसित किया जाए और वहां से हटाए गए परिवारों से किए गए वायदे को पूरा किया जाए। सैलजा ने सिरसा के थेहड़ को लेकर केंद्रीय पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से कुछ जानकारी मांगी थी, जिसका जवाब केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में कार्यवाही के दौरान 23 मार्च को दिया। पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री ने जवाब में कहा कि सिरसा थेहड़ को पुरातत्व विभाग ने 1932 में सूचीबद्ध किया था जो 85.5 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। पुरातत्व विभाग ने इस भूमि को खाली कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। बाद में राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में 713 परिवारों को वहां से हटाकर 32 एकड़ भूमि को खाली करा लिया और वहां पर जो कुछ निर्माण था उसे ध्वस्त कर दिया गया। वहां पर बसे परिवारों को आश्वासन दिया गया था कि उन्हें रहने के लिए भूमि दी जाएगी। हुडा सेक्टर 19 के आवासों में अस्थायी रूप से रह रहे परिवारों को आज तक कुछ भी नहीं मिला है और नरक जैसी स्थिति भोग रहे हैं।



### सिरसा थेहड की सीमा का पुनः निर्धारण कराया जाए : सैलजा

*कुमारी सैलजा ने केंद्र से मांग की है कि सिरसा थेहड की सीमा का पुनः निर्धारण कराया जाए क्योंकि पुरातत्व विभाग जिस 85 एकड़ भूमि को अपना बता रहा है उसकी कोई सीमा नहीं है। जो भूमि खाली कराई गई है उसे विकसित कराया जाए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि 85.5 एकड़ में एक अधिकतर भूमि ऐसी है जिस पर पिछले कई दशकों से हजारों परिवार रह रहे है जिनके पास भूमि की रजिस्टरी भी है अगर भूमि पुरातत्व विभाग की बताई जा रही है तो उसकी रजिस्टरी कैसे हुई। कुमारी सैलजा ने मांग की है कि खाली कराई गई भूमि को विकसित किया जाए और जिन परिवारों को थेहड़ से हटाया गया था उन सभी के स्थायी आवास का प्रबंध किया जाए।*



# 'फुले' में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

**नई दिल्ली।** हाल ही में फिल्म 'फुले'का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## मील का पत्थर साबित होगी 'सिकंदर'

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 द रूल' शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म 'सिकंदर' में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# 'द डोनट ब्रदर्स' पुकारती हैं मालती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को 'गो' कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, 'मेरी बेटी एक जागरूक है।



# पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई 'नो अदर लैंड'

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। 'नो अदर लैंड' का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में 'रंगभेद की स्थिति' की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। 'नो अदर लैंड' में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



# 'छोरी-2' में नजर आया खौफनाक मंजर...

**मुंबई।** साल 2021 में फिल्म 'छोरी'ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी 'छोरी 2' भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। 'छोरी 2' के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म 'छोरी 2' के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ'। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।




# 'रेड-2' से आया रितेश का पहला लुक...

**मुंबई।** मंगलवार को फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई'। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, 'रेड 2' आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

## टीवी मसाला



# अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल के लिए फिल्म 'एनिमल' से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज 'आश्रम' ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, 'हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।' उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह 'जपनाम' कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, 'एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम' ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी 'जपनाम' कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

## अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त



कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

# मंच पर फफक कर रो पड़ीं

*मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों*



*के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें 'लंदन ठुमकदा', 'कर गई चुल', 'काला चश्मा', और 'आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।*

# इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

**रेड 2 :** 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म 'रेड'1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब 'रेड' के लगभग 7 साल बाद मेकर्स 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। 'रेड 2' 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

**हाउसफुल 5 :** साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी 'हाउसफुल 5' इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो



चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।

**वॉर 2 :** यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी 'वॉर 2' इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर 'वॉर' की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**दे दे प्यार दे 2 :** अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे'साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग 'दे दे प्यार दे 2' इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

# गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

*आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थी। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।*

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।



### डैनी डेन्जोंग्पा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंग्पा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म 'सनम बेवफा' और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

### ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंग्पा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंग्पा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

## खबर संक्षेप

### बकरी पालक से मारपीट बाड़े में घुसे दो नशेड़ी

**फतेहाबाद।** टोहाना के बाबा बूटा बस्ती में एक बकरी पालक के साथ रात को मारपीट की गई। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित बलवंत ने बताया कि वह बकरी पालन का काम करता है और अपनी 30 बकरियों की देखभाल के लिए रात को बाड़े में सो रहा था। मिली जानकारी के अनुसार रात करीबन साढ़े 11 बजे उसी की कॉलोनी के रहने वाले दो युवक सुल्तान और गोला नशे की हालत में बाड़े की दीवार फांदकर अंदर घुस गए।

### मकान से हजारों की नकदी चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** चोरों ने रतिया की टिब्बा कालोनी में एक मकान में घुसकर वहां से हजारों की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी, रतिया निवासी रजत कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मकान को ताला लगाकर परिवार के साथ बाहर गया था।

### पुलिस ने हेरोइन तस्कर के साथी को किया काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने हेरोइन सहित पकड़े गए युवक से पूछताछ के आधार पर उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुरेन्द्र उर्फ शैलेन्द्र पुत्र गुरनाम निवासी दिगोह कालोनी, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी एसआई देवीलाल ने बताया कि इस बारे टोहाना पुलिस ने 21 फरवरी को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

### 1.40 लाख चुराने के मामले में दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शहर फतेहाबाद पुलिस ने सिरसा रोड स्थित एक दुकान से 1 लाख 40 हजार रुपये की नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान हरबंस लाल पुत्र नूरा राम निवासी हिजरावां खुर्द व विनोद पुत्र राजू निवासी सैक्टर 19, सिरसा के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 फरवरी को गांव अकांवाली निवासी राजकुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### नए जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, पूर्व जिलाध्यक्ष पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# पूर्व सांसद के खिलाफ बोलकर चौतरफा घिरे पूर्व जिलाध्यक्ष, समर्थकों ने खोला मोर्चा

**वायरल ऑडियो में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को लेकर की गई कथित टिप्पणी से कार्यकर्ताओं में गुस्सा**



फतेहाबाद। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को ज्ञापन सौंपते पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के समर्थक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा को पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के खिलाफ बोलना महंगा पड़ता नजर आ रहा है। उनके वायरल ऑडियो के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पार्टी हाईकमान से उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वायरल ऑडियो में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को लेकर की गई कथित टिप्पणी से कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। इसको लेकर पूर्व सांसद के समर्थक आज वरिष्ठ भाजपा नेता इन्द्र गावड़ी के नेतृत्व में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपकर पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचे पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के समर्थक कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले दिनों एक ऑडियो वायरल हुआ है।

इस ओडियो में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा सुनीता दुग्गल को लेकर गलत भाषा का प्रयोग करते सुने जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष ने पूर्व सांसद के विषय में गलत भाषा का प्रयोग किया है। 3 दिन इस बात को हो चुके हैं, लेकिन उनमें अहंकार की बू आ रही है। इस विषय में पूर्व जिलाध्यक्ष ने सुनीता दुग्गल व पार्टी से माफी नहीं मांगी है। इसके चलते कार्यकर्ताओं ने फैसला लिया है कि जिलाध्यक्ष के माध्यम से मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष से ऐसे आदमी को पार्टी से बर्खास्त करने की मांग की जाएगी। हमें उनके खिलाफ रोड पर आकर प्रदर्शन न करना पड़े।

**रतिया के मंडल अध्यक्ष को बदला**

बता दें कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा पहले भी कई बार विवादों में रह चुके हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम दिन उन्होंने तीन मंडल अध्यक्ष बदलकर भाजपा हाईकमान से भी नाराजगी मोल ले ली। बाद में रतिया के मंडल अध्यक्ष को नए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने तीन दिन बाद ही बदल डाला है।

**यह है मामला**

बता दें कि तीन-चार दिन पहले पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा की एक ऑडियो वायरल हुई थी। एक पार्षद के साथ लेन-देन की बात कहे जाने पर यह ऑडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसके बाद ग्रोहा ने ओडिया वायरल करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को भी शिकायत दी है। वायरल ओडियो में ग्रोहा ने पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को लेकर ऐसी टिप्पणी कर दी थी, जिसको लेकर कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जाहिर की। कार्यकर्ता जिला कार्यालय पहुंचे और जिलाध्यक्ष के समक्ष रोष जाहिर किया। भाजपा नेत्री मंजू बाजीगर ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष ने पूर्व सांसद के लिए जैसी भाषा का प्रयोग किया है, वह बहुत ही निंदनीय है। सभी उनकी कड़ी निंदा करते हैं। पार्टी परिवार होती है, इसलिए विचार विमर्श करेंगे। भाजपा नेता इंद्र गावड़ी ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय नेता का अपमान किया है। ऐसे उनका अपमान सहन नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि इस तरह की भाषा के लिए या तो बलदेव ग्रोहा माफी मांगे। या फिर पार्टी कार्रवाई करें। इस मामले में नए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि आज रतिया के कार्यकर्ता उनसे मिले हैं और ज्ञापन दिया है।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में अतिथियों को सम्मानित करते प्रबंधक समिति सदस्य व प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

## मनोहर मेमोरियल कॉलेज में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित

- एनएसएस : रोल आफ यूथ एंड एजुकेशन इंस्टीट्यूशन' विषय पर किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त पहले दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। एनएसएस : रोल आफ यूथ एंड एजुकेशन इंस्टीट्यूशन' विषय पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे प्रो. असीम मिगलानी, डीन ऑफ कॉलेजज, सीडीएलयू सिरसा ने किया। इस कॉन्फ्रेंस में देश और विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से शिक्षाविदें ने ऑनलाइन अपने विचार रखे। कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा आईक्यूएसी विभाग के सहयोग से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर एजुकेशन सोसायटी के महासचिव विनोद मेहता व कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस के मुख्य वक्ता सीडीएलयू सिरसा से डॉ. अशोक मक्कड़ व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रोहताश रहे। इस अवसर पर भारत सरकार युवा एवं खेल मंत्रालय से फिल्ड ऑफिसर मनोज कुमार के अलावा विभिन्न महाविद्यालयों के प्रिंसीपल विशेष तौर पर मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा मखीजा ने दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों बारे जानकारी दी। मंच संचालन डॉ. भव्या मुखी व मेडम प्रीत कौर ने किया।

**प्रो. दिनेश ने विचार रखे**

स्टेट एनएसएस ऑफिसर प्रो. दिनेश शर्मा ने ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार रखे और कहा कि पीएम मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भागीदारी रहेगी। एनएसएस ब्वॉयज के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकेश सेठी ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

## डेरा ने मनाया एमएसजी भंडारा दिवस

- नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम का किया आयोजन
- विशाल जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। डेरा सच्चा सौदा में सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुजन। फोटो : हरिभूमि

डेरा सच्चा सौदा की साध संगत ने मंगलवार को एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया। भंडारे की खुशी में आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम हुआ जिसमें काफी संख्या में पहुंची साध संगत ने लाभ उठाया। इस अवसर पर फूड बैंक मुहिम के तहत 52 अति जरूरतमंद लोगों को एक-एक महीने का राशन दिया गया। वहीं बेजुबान पक्षियों के संरक्षण के लिए पक्षी उद्धार मुहिम के तहत 352 मिट्टी के कसोरे वितरित किए गए जिनमें घरों की छतों पर पक्षियों के लिए दाना पानी रखा जाएगा। इससे पूर्व सुबह 11 बजे नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम हुआ जिसमें डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की ओर से संगत को ज्यादा से ज्यादा लोकभलाई के कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डेरा सच्चा सौदा द्वारा नशामुक्त समाज की सरंचना को लेकर चलाई जा रही डेप्थ कैंपेन से संबंधित एक डॉक्यमेंट्री दिखाई गई जिसमें दिखाया गया कि किस प्रकार राम-नाम लेकर नशा करने वाले नशा छोड़ रहे हैं। इसके अलावा नशा छोड़ने वालों को नशा छोड़ने के लिए कैसा पौष्टिक आहार दिया जाना चाहिए, के बारे में भी दिखाया गया। इस दिवस की खुशी में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में एक विशाल जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर भी आयोजित किया गया जिसमें हजारों मरीजों ने इसका फायदा उठाया।

## 29 लाख की ठगी का आरोपी मुंबई से दबोचा

- कनाडा भेजने के नाग पर की थी धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। ठगी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने वर्क परमिट वीजा पर कनाड़ा भेजने के नाम पर 29 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सत्यकेतू शंकर निवासी भरड़ थाना हथौरी जिला मुज्जफरपुर बिहार हाल प्लैट नंबर 402 साई सिद्धी कॉपरेटिव सोसायटी ओसिवाड़ा जगेशवरी वेस्ट मुंबई के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेशकर 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है और इस अवधि के दौरान आरोपी युवक से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर ठगी की राशि बरामद की जाएगी तथा उनके अन्य साथियों के पते ठिकाने मालूम कर उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में पवनदीप सिंह निवासी झोरडन्नाली जिला सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह मोहाली पंजाब में जॉब करता है और वर्ष 2019 में उसकी मुलाकात सिराजुदीन अंसारी से हुई थी, जो अपने आप को फिल्म निर्माता के तौर पर दर्शाता था। उसने कहा कि यदि आप वर्क परमीट वीजा पर कनाड़ा जाना चाहते हो तो 29 लाख रुपए लगेंगे मेरी जान पहचान के लोग कनाड़ा में रहते है, आपको जल्दी ही कनाड़ा भिजवाने का बंदोबस्त कर देंगे। इसके बाद अगस्त 2019 में फाइल जमा करवाने के लिए मुझे मुंबई बुलाया गया और 60 हजार रुपए अपने खाता में ट्रांसफर करने के लिए कहने लगा। पीड़ित ने 26 अगस्त 2019 को 60 हजार रुपए उनके खाते में ट्रांसफर कर दिए। इस प्रकार पीड़ित व्यक्ति उनके चुंगल में पूरी तरह से फंस गया और शातिर ठगों ने उसे गुमराह करके वर्क परमिट वीजा पर कनाड़ा भेजने के नाम पर 29 लाख रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम दे दिया। पीड़ित की शिकायत पर थाना सदर सिरसा ने वर्क परमिट वीजे पर कनाड़ा भेजने के नाम पर ठगी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की थी।

**अभियोग की जांच जारी**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियोग की जांच जारी है तथा जो भी व्यक्ति इस घटना में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले इमिग्रेशन सेंटर संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रॉपआउट दर शून्य करने का अभियान

## शिक्षा विभाग जिले में 30 अप्रैल तक चलाएगा प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

- मुख्य उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिले के सभी सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 23 मार्च से शुरु हो चुका है जोकि आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडऩा है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि प्रवेश उत्सव के तहत जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 1 अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। इसके अलावा स्कूलों द्वारा स्कूलों में प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में होर्डिंग व बैनर आदि के द्वारा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। प्रवेश उत्सव के माध्यम से हर बच्चे को स्कूल से जोडऩे और ड्रॉपआउट दर को शून्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी स्कूल मुखियाओं और शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें।

## 6 शिकायतों पर डीडीपीओ ने की सुनवाई

- प्रदेश सरकार के निर्देशों पर समाधान शिविर का किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते डीडीपीओ अनूप सिंह।

जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर प्रति कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निपटान के लिए बैठक में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में दर्ज शिकायतों का मौजूद अधिकारियों को समाधान त्वरित आधार पर करने के लिए तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर के दौरान नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग से जुड़े मुद्दे लेकर पहुंचे, इनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चत किया गया। सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

**शीघ्र समाधान करे**

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने कहा कि इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चत करता है कि प्रत्येक नागरिक की सरकारी सेवाओं और योजनाओं तक आसान पहुंच हो और सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने में उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लगाये जा रहे समाधान शिविर आमजन की समस्या के निवारण के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। आमजन द्वारा शिविर की सराहना की जा रही है क्योंकि उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए एक बेहतर मंच मिला है, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे मौजूद रहकर उनकी समस्या का निराकरण करते हैं।

## शहीद स्मारक के लोगो डिजाइन के लिए प्रतिष्ठियां आमंत्रित

- 22 एकड़ भूमि पर होगा निर्माण, अंतिम तिथि 1 अप्रैल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आजादी की पहली लड़ाई में शामिल और शहीद हुए लोगों और वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने हेतु अम्बाला कैंट के नजदीक अम्बाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे पर 22 एकड़ भूमि पर एक भव्य और विशाल शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। इस शहीद स्मारक के लिए प्रतीक चिन्ह (लोगो) तैयार करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/डिजाइनर/कलाकार एवं आमजन से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। जिस व्यक्ति के लोगो का चयन होगा उसे विभाग की ओर से एक लाख रुपये का ईनाम दिया जाएगा। प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि एक अप्रैल को सायं 5 बजे तक रहेगी। विभाग द्वारा नियम एवं शर्तों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा तथा संवाद सोसायटी के अधिकारियों/कर्मचारियों को छोडक़र सभी प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां एससीओ नंबर 200-201, सैक्टर 17-सी, चंडीगढ़ कार्यालय में अंतिम तिथि तक भेज सकते हैं जिसके बाद कोई भी प्रविष्टि मान्य नहीं होगी।

## डॉ. पूनम का 77वां जन्मदिवस मनाया

- डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल ने कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल डॉ. पूनम सूरी के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

पुलिस लाइन्स स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल फतेहाबाद में आज डीएवी के प्रधान आर्य रत्न एवं पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी का 77वां जन्मदिवस बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विशेष शुभकामना यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य राम बिलास शास्त्री के मार्गदर्शन में प्राचार्य अरुण शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रातः कालीन पवित्र वातावरण में मन्त्रोच्चारण के साथ वैदिक यज्ञ में विशेष आहुतियां डालीं व वैदिक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य अरुण शर्मा ने आर्य रत्न डॉ. पूनम सूरी के उत्तम स्वास्थ्य व लम्बी आयु की मंगलकामना की और डीएवी संस्था में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। अरूण शर्मा ने बताया कि आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के तत्त्वावधान में आर्य समाज स्थापना सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी दयानन्द, महात्मा हंसराज, महात्मा आनंद स्वामी व पश गुरुदत्त विद्यार्थी के त्याग एवं डीएवी संस्था के बीजारोपण से लेकर उसे विशाल वटवृक्ष का रूप देने वाले महानुभावों की याद में 30 मार्च तक आर्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

**कार्यक्रम** महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल

# श्री अमर ज्योति मंदिर फतेहाबाद का वार्षिक महोत्सव 29 से 31 मार्च तक

**श्री झूलेलाल महाराज के दर्शन कर श्रद्धालु अपने जीवन को आनंदित बनाते**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री झूलेलाल महाराज के ऐतिहासिक श्री अमर ज्योति मंदिर फतेहाबाद का 42वां वार्षिक महोत्सव 29 मार्च से आयोजित किया जा रहा है। गुरू माता प्रकाश देवी ठक्कर की अध्यक्षता में आयोजित इस महोत्सव में श्री झूलेलाल जी महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। कार्यक्रम में मंच संचालन विज्ञान सागर बाघला करेंगे। श्री अमर ज्योति मंदिर फतेहाबाद में आयोजित किए जाने वाले वार्षिक समारोह का नजारा हर बार दर्शन योग्य होता है। श्री झूलेलाल जी महाराज के अनुयायी वार्षिक महोत्सव दौरान बड़ी ही उमंग श्रद्धा और विश्वास के साथ पहुंचते हैं और श्री झूलेलाल जी महाराज के दर्शनों को करके अपने जीवन को आनंदित बनाते हैं। वार्षिक समारोह को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। श्री अमर ज्योति मंदिर संस्था के पदाधिकारी एवं सेवादार कार्यकर्ता अपनी-अपनी सेवाएं प्रदान करने को तैयार है।




फतेहाबाद। श्री अमर ज्योति मंदिर।

**29 को दोपहर 3:15 पर ध्वजारोहण होगा**

इस बार वार्षिक समारोह 29 से 31 मार्च तक धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 29 मार्च शनिवार को दोपहर 3:15 बजे ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात सत्संग एवं महारास कार्यक्रम 4 बजे से 7 तक चलेगा वही 30 मार्च रविवार शाम को सत्संग शाम 4:30 बजे से एवं हरि नाम संकीर्तन एवं महारास कार्यक्रम 5 से 7:30 बजे तक होगा। विशेष दीपमाला आरती 7:30 बजे होगी। इसके बाद आयोजित मां भगवती चौकी में रात्रि सवा 9 बजे पावन ज्योति प्रचंड होगी। इसके साथ ही माता की महिमा का गुणगान किया जाएगा तथा सोमवार 31 मार्च को प्रातः 8 बजे सर्व दुखों की निवृत्ति के लिए हवन यज्ञ किया जाएगा। इसी दिन प्रातः 10 बजे से 2 तक सत्संग एवं समारोह का आयोजन होगा और विशाल लंगर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रख्यात कथा प्रवाहक गौतम कृष्ण उपाध्याय, वृंदावन वाले और प्रसिद्ध महारास कलाकार श्रीजी ग्रुप श्रीवृंदावन वाले, पंडित चंद्रशेखर मिश्रा, विख्यात भजन प्रवाहक रविराज ग्रोवर फतेहाबाद, मुकेश राही, भजन गायिका साक्षी शर्मा के साथ-साथ सुनील सेठी इस वार्षिक महोत्सव में पहुंच कर श्री झूलेलाल जी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव जोधकां में एक बंद मकान से चोर 2 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव जोधकां निवासी सुशील ने बताया कि वह काफी सालों से गुडग़ांव में रहता है। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने बीती 23 मार्च की रात्रि को मकान में घुसकर अलमारी से 2 हजार रुपए की नगदी, 3 जोड़ी चांदी की पाजेब, कुछ चांदी के सिक्के, एक सोने का टॉपस, कुछ कपड़े, एक हाथ की घड़ी चोरी कर ले गए। उसने बताया कि 24 मार्च की सुबह जब वह घर पहुंचा तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उसने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव कोटली स्थित सरकारी स्कूल से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मुख्याध्यापक बलवीर सिंह ने बताया कि बीती 24 मार्च को स्कूल समय के बाद स्टाफ सदस्य स्कूल बंदकर घर चले गए। देर रात्रि को चोरों ने स्कूल में घुसकर रसोई से एक भरा हुआ गैस सिलेंडर, चूल्हा, बठल, बाल्टी, कुल्हाड़ी, राशन का सामान आटा, दाल, मसाले व रिफाइंड चोरी कर लिए। सुबह जब स्टाफ सदस्य स्कूल में आए तो घटना का पता चला। अंदर जाकर कमरे में सामान देखा तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पति ने लगाई घर में आग, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव बचेर में एक व्यक्ति ने खुद के ही घर में आग लगा दी और स्वयं बाहर चला गया। कुछ देर बाद पत्नी ने कमरे से धुआं उठता देखकर शोर मचाया, जिसपर आसपास के लोगों ने आकर आग को बुझाया। पुलिस को दी शिकायत में महिला बिमला ने बताया कि बीती 24 मार्च की दोपहर को उसका पति बाहर से घर आया और कमरे में कपड़े व सामान एकत्रित कर आग लगा दी और स्वयं बाहर चला गया। कुछ देर बाद कमरे से धुआं उठता देखकर उसने शोर मचाया। इस पर उसके बेटे व आसपास के लोगों ने आकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कपड़े व अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जनसंख्या के बदलते प्रारूप विषय पर सेमिनार

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में मंगलवार को भूगोल विषय परिषद के तत्वावधान में विश्व की जनसंख्या के बदलते प्रारूप विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह व नवपदोन्नत प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने की। इस कार्यक्रम में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्राध्यापक हर्ष कुमार ने विस्तार व्याख्याता के तौर पर शिरकत की। अपने व्याख्यान के दौरान प्रो. हर्ष कुमार ने विश्व की जनसंख्या के बदलते प्रारूप विषय के संबंध में अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

### चन्द्रावल मर्डर केस में आरोपी युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने गांव चन्द्रावल में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान वीरभान उर्फ टिंडा पुत्र रामपाल निवासी भूना के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 फरवरी को आदित्य पुत्र रतन सिंह निवासी चन्द्रावल की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## नपा अधिकारियों पर बिल्डरों, ठेकेदारों और भ्रष्टाचारियों को शह देने का आरोप

# तीसरी बार भी पास नहीं हो पाया रतिया नपा का बजट, पार्षदों ने किया हंगामा

मीटिंग शुरू होते ही नपा सचिव, अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, लेखाकार ने बजट मीटिंग का प्रस्ताव रखा और पार्षदों से उनके विचार व्यक्त करने को कहा।



रतिया। बजट मीटिंग का बहिष्कार करते हुए पार्षद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

रतिया नगर पालिका का करीबन 26 करोड़ का आगामी वित्त वर्ष का बजट पास करने के लिए मंगलवार को तीसरी बार बुलाई गई मीटिंग में पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। नगर पालिका के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के कड़े आरोप लगाते हुए पार्षदों ने जमकर भड़ास निकाली। इसके बाद पार्षदों ने बजट मीटिंग का तीसरी बार भी बहिष्कार कर बजट पास नहीं होने दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्षदों ने नगर पालिका के अधिकारियों पर प्राइवेट बिल्डरों, ठेकेदारों और भ्रष्टाचारियों को फायदा पहुंचाने के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से नगर पालिका कार्यप्रणाली की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की। आज की मीटिंग में प्रधान प्रीति खन्ना, पार्षद अजमेर, विजय, सतपाल, गौरव, गोपी, धीरज, अजय गुप्ता, हैप्पी सैनी, हरबंस कौर, नीरू बाला, पिंकी, रेखा शर्मा, जसविंदर, वीरपाल कौर शामिल हुई थी लेकिन उन्होंने बजट मीटिंग पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया जिस कारण आज भी बजट मीटिंग रद हो गई। आज की मीटिंग शुरू होते ही नगर पालिका सचिव शुभम कुमार, अभियंता ढांडा, कनिष्ठ अभियंता हवा सिंह, लेखाकार अनिल मित्तल ने बजट मीटिंग का प्रस्ताव रखा और पार्षदों से उनके विचार व्यक्त करने को कहा। मीटिंग शुरू करते ही पार्षद विजय कुमार, अजमेर सिंह सतपाल सिंह, गुरप्रीत गोपी, अजय गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि रतिया नगर पालिका भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह गई है और यहां पर जनता के कार्य करवाने की बजाए प्राइवेट बिल्डरों ठेकेदारों और भ्रष्टाचार लोगो को फायदा पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि रतिया नगर पालिका द्वारा जरूरतमंद कॉलोनी में विकास कार्य करवाने की बजाय अवैध कॉलोनी और निजी मार्केट में गालियां बनाकर उनके करोड़ों रुपए की पेमेंट भी कर दी है और कुछ ऐसे ठेकेदारों को भी पेमेंट की गई है जिन्होंने अभी तक अपने काम भी पूरे नहीं किए हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि जो ठेकेदार प्राइवेट मार्केट काट रहे हैं, नगर पालिका ने उनके मार्केट में गालियां तो बना दी लेकिन जब लोग अपने नक्शे पास करवाने के लिए जाते हैं तो उनको अवैध कॉलोनी में दर्शा दिया जाता है। पार्षदों ने कहा कि नगर पालिका द्वारा पिछले वर्ष 22 करोड़ रुपए के विकास कार्य दिखाए गए हैं, जब नगर पालिका अधिकारियों से उन्होंने वार्ड वाइज कामों के डिटेल मांगी तो नगर पालिका के अधिकारी वार्ड वाइज कार्यों की डिटेल नहीं बता पाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा मनमर्जी से कार्य करवाए जा रहे हैं और ठेकेदारों को बिना काम किया ही एडवांस में पेमेंट दी जा रही है।

### दुकानों की पैरवी न करने से करोड़ों का नुकसान

पार्षद अजमेर सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा मेन बाजार में 22 दुकान देवीलाल पार्क के साथ 24 दुकानों का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से किया गया था लेकिन जानबूझकर इन दुकानों के मामलों में कोर्ट में पैरवी नहीं की जा रही जिस कारण करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। नगर पालिका पार्षदों ने आरोप लगाने के बाद नगर पालिका की बजट मीटिंग का बहिष्कार कर दिया और बजट प्रस्ताव पर साइन करने से भी इंकार कर दिया जिस कारण आज तीसरी बार भी बजट मीटिंग रद हो गई है।

### रिपेयर करने के नाम फर्जी बिल बनवाए

पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि रतिया नगर पालिका में 17 वार्डों में रिपेयर करने के नाम पर करीबन 2 करोड़ रुपए के फर्जी बिल बनाकर घपला किया गया है जबकि किसी भी वार्ड में कोई रिपेयर कार्य नहीं करवाया गया। एक पार्षद ने आरोप लगाया कि उनके एक वार्ड में एक गड्ढे को ठीक करके ढाई लाख की पेमेंट पास करवाई गई है जिसकी जांच करवाई जानी चाहिए। पार्षद विजय कुमार ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में रिपेयर के नाम पर 25 लाख रुपए की पेमेंट की गई है।



फतेहाबाद। जरूरतमंदो को चेक वितरित करते हुए स्वामी दिव्यानंद महाराज।

## 20 जरुरतमंदो को पेंशन के चेक एवं दो को वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सरबत दा भला संस्था द्वारा कृष्ण सेवा समिति धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी डॉक्टर दिव्यानंद महाराज के सानिध्य में व भाजपा जिलाअध्यक्ष प्रवीण जोड़ा द्वारा 20 जरूरतमंद परिवारों को पेंशन के चेक दिए गए वहीं दो एमबीबीएस स्टूडेंट्स को 20 हजार के स्कॉलरशिप के चेक भी वितरित किए गए। स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि संस्था के कार्य सराहनीय है जो जरूरतमंदों की मदद कर समाज में अहम योगदान दे रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि पिछले 30 वर्षो से वह संस्था व इनसे जुड़े सदस्यो को निस्वार्थ समाज सेवा करते हुए देख रहे हैं। इस अवसर पर सिटी वेलफेयर क्लब अध्यक्ष विनोद अरोड़ा, ऑल इंडिया अरोड़ा कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा, प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ, कृष्णा सेवा समिति अध्यक्ष राजेंद्र अहुजा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। सरबत दा भला अध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर ने अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था सचिव ललित चौधरी, उपप्रधान धर्मपाल चावला, तिलक राज मोंगा, सहसचिव देवेंद्र मोंगा, महेंद्र मदान, सुरेंद्र गाबा, डॉ. विनोद शर्मा, भाजपा नेता बनवारी लाल, शहरी अध्यक्ष भाजपा विकास सारस्वत, अशोक जाखड़, तरुण मेहता सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### कार्यकारिणी का किया विस्तार

**सिरसा।** स्थानीय वार्ड नंबर 21 में सदानंद टांक के निवास पर मंगलवार को डॉ. अंबेडकर वाल्मीकि वेल्फेयर सोसायटी के जिला संगठन की बैठक सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार पारछा की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष सदानंद टांक ने बताया कि बैठक में सिरसा लोकसभा व जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सिरसा लोकसभा अध्यक्ष विजय कंडारा व सुशील शर्मा को सिरसा लोकसभा प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा मुकेश भट्टी को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद हिटलर को जिला उपाध्यक्ष, प्रेम कुमार घारू कोजिला महासचिव, शिवकुमार लढ़ा को जिला सचिव नियुक्त किया गया।

## महिला उद्यमियों को अनुदान राशि के चेक किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा महिला विकास निगम सिरसा द्वारा राज्य सरकार की व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें छोटे व्यवसायों के लिए ऋण तथा अनुदान राशि प्रदान करना है। इस योजना से महिलाओं को अपने व्यवसाय को बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए मदद मिल रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक डॉ. दर्शना सिंह ने



सिरसा। महिला उद्यमियों को अनुदान राशि के चैक वितरित करते हुए।

स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में तीन महिलाओं को अनुदान राशि के चैक वितरित किए। उन्होंने बताया कि उद्यमी अर्चना कोयली पत्नी कर्ण को बैंक ऑफ बड़ौदा से 150,000 रुपए का ऋण दिलवाया गया है। उन्हें निगम द्वारा 25,000 रुपए की अनुदान राशि भी दी गई है।

इसी तरह, पूजा रानी पत्नी राजेश को 150,000 रुपए का ऋण सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, साहूवाला प्रथम से दिलवाया गया है और उन्हें भी 25,000 रुपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। इसके अलावा अनु पत्नी राजेश को एक लाख रुपए की राशि का ऋण पंजाब नेशनल बैंक से दिलवाया गया है तथा उन्हें 10,000 रुपए की अनुदान राशि भी दी जा रही है।

### स्कूली विद्यार्थियों ने किया देविवि का शैक्षणिक भ्रमण

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास के विद्यार्थियों ने मंगलवार को अपने अध्यापकों की देखरेख में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया।

यूकोप के निदेशक प्रोफेसर मोहम्मद काशिफ किदवई ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल उनकी सोच को विस्तृत करता है, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा और व्यवसायिक अवसरों के प्रति जागरूक भी करता है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा से जोडऩे और उनके समग्र विकास के लिए निरंतर ऐसे प्रयास करता रहता है।

## प्रत्येक व्यक्ति धारण करें तुलसी की माला

- श्री गीता प्रचार समिति की ओर से पंजाब पैलेस में आयोजित सत्संग में बोले विजयानंद गिरि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। सत्संग के दौरान आरती में भाग लेते श्रद्धालुजन। फोटो : हरिभूमि

श्री गीता प्रचार समिति की ओर से पंजाब पैलेस में आयोजित किए जा रहे दुर्लभ सत्संग में मंगलवार को स्वामी विजयानंद गिरि महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि सभी को तुलसी की माला पहननी चाहिए। उन्होंने बताया कि ओम नमो भगवते वासुदेवाय और हरे कृष्ण मंत्र के जाप में तुलसी की माला का विशेष महत्व है। यह माला मंत्रों की शक्ति को बढ़ाती है और जाप की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाती है। तुलसी में प्राकृतिक औषधीय गुण होते हैं और इसे धारण करने से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि महापुरुषों ने अनेक ज्ञानवर्द्धक बातें कही हैं, जिनपर अमल करना कोई नहीं चाहता। इसी प्रकार कथा सुनते तो सभी हैं, लेकिन कथा में कही गई बातों पर अमल कोई विरला ही करता है। घर में कोई भी भोजन बनता है तो सर्वप्रथम भगवान को भोग अवश्य लगाएं। स्वामी ने कहा कि जो इंसान एकादशी का व्रत करता है, उस जैसा पुण्य कोई नहीं है। इस अवसर पर श्री गीता प्रचार समिति, सिरसा के प्रधान वेद भारती, कृष्ण गुंबर, राजेंद्र शर्मा, किशन गुप्ता, हरिओम भारद्वाज, सुनील बतरा, अजय गौतम, सतीश शर्मा, नेतराम आदि मौजूद रहे।

## योग को बनाएं जीवन का अभिन्न अंग: डॉ. जयप्रकाश

- जेसीडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन एनएसएस यूनिट द्वारा बाजेकां में एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जेसीडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन एनएसएस यूनिट द्वारा गांव बाजेकां में जारी एनएसएस शिविर के दौरान मंगलवार को योग शिविर आयोजित किया गया जिसमें योग प्रशिक्षक सुमिता शर्मा ने छात्रों और संकाय सदस्यों को योग के दैनिक जीवन में महत्व के बारे में जानकारी दी। सत्र में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और तनाव प्रबंधन में योग की भूमिका पर जोर दिया गया, जो विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने शिक्षा में समग्र विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को एक स्वस्थ और अनुशासित जीवन के लिए अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतनारायण ने सभी सम्मानित अतिथियों और प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पूर्व सुमिता शर्मा ने विद्यार्थियों के समक्ष विभिन्न आसनों और श्वास तकनीकों का प्रदर्शन किया जो एकाग्रता बढ़ाने, चिंता को कम करने और शारीरिक फिटनेस को बढ़ाने में सहायक होते हैं।

## डिजिटल मार्केटिंग विषय पर गोष्ठी

- राजकीय नेशनल महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में डिजिटल मार्केटिंग विषय पर विचार-गोष्ठी आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा




सिरसा। गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में मंगलवार को डिजिटल मार्केटिंग विषय पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंदर सिंह ने बताया कि प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह के मार्गदर्शन व प्लेसमेंट और करियर काउंसलिंग सेल प्रभारी डॉ. साक्षी मेहता के संयोजन में डिजिटल मार्केटिंग विषय पर आयोजित इस विचार गोष्ठी में विद्यार्थियों को वर्तमान कारोबारी माहौल में डिजिटल मार्केटिंग के महत्व और आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई। इस विचार-गोष्ठी में रमित तनेजा और उनकी टीम ने डिजिटल मार्केटिंग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्लेसमेंट और करियर काउंसलिंग सेल प्रभारी डॉ. साक्षी मेहता ने मेहमानों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में डॉ. विवेक गोयल, डॉ. वीना रहेजा व मीनू शर्मा इत्यादि ने भी अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बने अशोक बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शहर के हुडा सेक्टर 20 स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठित की गई। नई कार्यकारिणी में प्रधान पद की जिम्मेदारी अशोक बंसल को मिली। मंदिर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया जिसमें सुरेंद्र भाटिया व सुरेश मेहता एडवोकेट को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। ट्रस्ट के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपसचिव, संगठन सचिव, उप कोषाध्यक्ष, कानूनी सलाहकार पद के लिए आवेदन मांगे गए थे। प्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक आवेदन आने की सूरत में चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया था। बैठक में काफी विचार विमर्श हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट की कार्यकारिणी गठन में चुनाव की बजाय सर्वसम्मति हो जाए तो बेहतर रहेगा।

प्रधान पद के लिए दुर्गा सिंह राठौर व अशोक बंसल ने आवेदन किया था। इसी प्रकार सचिव पद के लिए कैलाश गुप्ता व ऋषि शर्मा तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरेश भारद्वाज व दीपक गुप्ता ने नामांकन किया था। प्रधान पद के उम्मीदवार दुर्गा सिंह राठौर, सचिव पद के उम्मीदवार कैलाश गुप्ता व कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुरेश भारद्वाज ने अपना-अपना नामांकन वापस ले लिया।

## मंथन आई हेल्थ केयर फाउंडेशन ने लगाया आंखों का नि:शुल्क नेत्र शिविर

# धूल, तेज धूप व ज्यादा स्क्रीन प्रयोग से आंखों को बचाएं

- स्वामी दिव्यानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद शर्मा ने अपनी सेवाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जवाहर चौक स्थित श्री कृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में मंथन आई हेल्थ केयर फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क नेत्र चेकअप एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी दिव्यानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.




फतेहाबाद। शिविर में विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया की आंखों की जांच करते डॉ. विनोद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

विनोद शर्मा ने अपनी सेवाएं दी और सैंकड़ों लोगों की आंखों की जांच की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने ज्योति प्रज्ज्वलन कर कैंप का शुभारंभ किया। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया एवं पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने भी डॉक्टर विनोद शर्मा और उनकी टीम को पुरस्कृत किया। सभा की ओर से राजेंद्र आहूजा, लीला कृष्ण मदान और अनिल सरदाना ने अतिथियों का स्वागत किया।

### टीवी या मोबाइल का प्रयोग न करें

शिविर में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. विनोद शर्मा ने कहा कि आंखें ईश्वर की ओर से मिले उत्तम उपहार में से एक उपहार है जो अति महत्वपूर्ण किंतु संवेदनशील भी है। कुछ आदतों के कारण या लापरवाही होने से हम उन्हें क्षीण करते रहते हैं। बाद में जब दृष्टि कमजोर होने या फिर दर्द होने से हम परेशान होते रहते हैं। धूल मिट्टी से बचा लेना, आंखों की अनेक समस्याओं का समाधान है। इसी कारण आंखें बार-बार रगडनी पड़ती है, जिसका कॉर्निया पर बहुत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सामने की तेज धूप से बचना चाहिए। इससे हमारे टियर सेल्स को नुकसान हो सकता है। आंखें ड्राई और रेटिना तक डैमेज हो सकता है। कुछ आंखों में चला जाए तो मसलना नहीं मात्र धो लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार कई घंटे हम टीवी या मोबाइल का प्रयोग न करें, बीच-बीच में थोड़ा आंखों को विश्राम दें। थोड़ा आंखों को इधर-उधर घुमाएं, एक ही तरफ मत देखते रहे, घड़ी की सुई की तरह और विपरीत दिशा में थोड़ा आंखें घुमाएँ। हथेलियां को रगड़ कर आराम से आंखों पर रखें। जोर-जोर से पानी के छींटे मत मारें, बल्कि आराम से आंखों को अच्छी तरह धोएं। आंखें बहुत ही नाजुक हैं, बढ़ती उम्र के साथ तो यह और भी समस्या ग्रस्त हो जाती हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि सफेद मोतिया तो उम्र के साथ होता ही है परंतु काला मोतिया तेजी से बढ़ रहा है।

### चाकू दिखाकर पर्स छीनने के मामले में तीसरा युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने चाकू दिखाकर पर्स छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान विक्रम कुमार उर्फ बीका पुत्र मोहन लाल निवासी प्रताप नगर भट्टूकलां के रूप में हुई है। इस बारे पुलिस ने 11 फरवरी को गांव ढाबी कलां निवासी अजीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों दीपक उर्फ तपिस पुत्र श्रवण व अंकित उर्फ अमनी पुत्र सलेन्द्र निवासी भट्टूकलां को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।